# भारत सरकार
# भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण
# राज्य इकाईः जम्मू एंव कश्मीर

## **हिंदी सप्ताह, 2019 का आयोजन**
## **<u>कार्यक्रम प्रतिवेदन</u>**

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, राज्य इकाईः जम्मू एवं कश्मीर, जम्मू कार्यालय द्वारा राजभाषा हिंदी को समर्पित "हिंदी सप्ताह, 2019" का आयोजन दिनांक 16 सितम्बर से 22 सितम्बर, 2019 के दौरान किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य इकाईः जम्मू एवं कश्मीर, जम्मू कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रचार - प्रसार को बढावा देना तथा हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना था।

**उद्घाटन कार्यक्रम**

हिंदी सप्ताह, 2019 के उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ 16 सितम्बर सुबह 11:00 बजे सम्मेलन कक्ष में हुआ और इसकी अध्यक्षता श्री सोमनाथ चंदेल, अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र लखनऊ द्वारा की गई। इस अवसर पर नराकास, जम्मू की ओर से श्री रमेश मिश्रा, सहायक प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी, पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड, जम्मू तथा केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, गृह मंत्रलय, जम्मू से श्री संतोष कुमार, सहायक निदेशक को सादर आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के आरंभ में श्री हरीश बहुगुणा, निदेशक एवं कार्यालयाध्यक्ष ने अध्यक्ष महोदय, आमंत्रित अतिथीगण तथा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। इसके पश्चात, हिंदी सप्ताह का व्यहवारिक रूप से उद्धघाटन अध्यक्ष महोदय तथा आमंत्रित अतिथीगण द्वारा फीता काट कर किया गया। इसके अवसर पर श्री हरीश बहुगुणा द्वारा राज्य इकाई : जम्मू एवं कश्मीर में हिंदी सप्ताह के अंतर्गत होने वाली विभिन्न प्रतियोगितयों की रूप रेखा सभा के समक्ष रखी। तत्पश्चात, आमंत्रित अतिथीगण, श्री रमेश मिश्रा तथा श्री संतोष कुमार ने हिंदी सप्ताह, 2019 के विषय में अपने -अपने विचार सभा के समक्ष रखे। इसके उपरान्त, अध्यक्ष महोदय, श्री सोमनाथ चंदेल ने राज्य इकाई : जम्मू एवं कश्मीर के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण को हिंदी सप्ताह की बधाई दी तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सप्ताह के अंतर्गत होने वाली विभिन्न प्रतियोगितयों में बढ़ -चढ़ कर भाग लेने का

अनुरोध किया ताकि इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

**प्रतियोगितयों का विवरण**

हिंदी सप्ताह, 2019 के अंतर्गत चार प्रकार की प्रतियोगितयों का आयोजन किया गया। इनमे **श्रुतलेखन प्रतियोगिता, हिंदी प्रशासनिक शब्दावली ज्ञान प्रतियोगिता, कविता, कहानी एवं हास्य व्यंग प्रतियोगिता** तथा **निबंध प्रतियोगिता** शामिल हैं। इन सभी प्रतियोगितायों में कार्यालय में उपस्तिथ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह एवं रूचि के साथ भाग लिया। इस अवसर पर श्री रमेश मिश्रा तथा श्री संतोष कुमार ने हिंदी सप्ताह, 2019 में आयोजित सभी प्रतियोगितायों में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई तथा प्रतिभागियों द्वारा लिखी एवं बोली गयी रचनायों की जांच-पड़ताल के उपरांत उनकी क्षमता के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों हेतु चयनित किया ।

**समापन समारोह**

हिंदी सप्ताह, 2019 का समापन दिनांक 24 सितम्बर, 2019 को किया गया तथा इस समापन समारोह की अध्यक्षता श्री दिनेश व्ही गणवीर, उपमहानिदेशक, राज्य इकाईः जम्मू एवं कश्मीर द्वारा की गई। इस अवसर पर निर्णायक मंडल की ओर से श्री संतोष कुमार, सहायक निदेशक को सादर आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के आरंभ में, श्री बलवीर सिहं, वरिष्ठ भूवैज्ञानिक एवं राजभाषा अधिकारी ने उपमहानिदेशक महोदय, आमंत्रित अतिथि एवं समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया तथा उपमहानिदेशक की अनुमति से कार्यक्रम की शुरुआत की। राजभाषा अधिकारी ने हिंदी सप्ताह, 2019 के अंतर्गत आयोजित की गयी प्रतियोगितयों का ब्यौरा सभा के समक्ष रखा तथा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। उन्होंने वताया कि इस हिंदी सप्ताह में पहले के मुकाबले ज्यादा प्रतिभागियों के भाग लिया तथा प्रतियोगितायों के दौरान सभी प्रतिभागियों में राष्ट्रभाषा हिंदी को समर्पित प्रेम एवं लगाव की झलक साफ़ देखी जा सकती थी।

इसके उपरांत, उपमहानिदेशक महोदय एवं आमंत्रित अतिथि द्वारा चयनित प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों के साथ - साथ सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किये गए। इस अवसर पर श्री दिनेश व्ही गणवीर, उपमहानिदेशक, राज्य इकाईः जम्मू एवं कश्मीर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी भाषा व साहित्य में वे सारे सांस्कृतिक मूल्य विद्यमान है जो पूरे भारतवर्ष को एक सूत्र में पिरो के रखते हैं तथा राज्य इकाई : जम्मू एवं कश्मीर में हिंदी सप्ताह, 2019 अपना लक्ष

पूरा करने में सक्षम रहा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस सप्ताह में भाग लेने पर हार्दिक वधाई दी तथा आशा व्यक्त की कि इस सुदूर उत्तरी क्षेत्र कार्यालय से यह प्रयास राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन और विकास की दिशा में एक कारगर कदम साबित होगा। इस अवसर पर नराकास, जम्मू से आमंत्रित सदस्य श्री संतोष कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य इकाई: जम्मू एवं कश्मीर में हिंदी सप्ताह, 2019 का आयोजन एक सराहनीय कदम है और इससे राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार - प्रसार को नयी ऊंचाइयां मिलगीं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भी उनकी रचनायों के लिए धन्यवाद दिया तथा अनुरोध किया कि सभी राजभाषा हिंदी के उत्थान में ऐसे ही अपना सहयोग देते रहें।

कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद प्रस्ताव श्री विजय शिवगोत्रा, निदेशक द्वारा दिया गया। उन्होने अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ, उपमहानिदेशक, राज्य इकाईः जम्मू एवं कश्मीर, आमंत्रित अतिथीगण तथा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कार्यक्रम में उत्साहपुर्वक भाग लेने के प्रति आभार प्रकट किया।

**कार्यक्रम की झलके**

श्री सोमनाथ चंदेल, अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ, श्री रमेश मिश्रा, सहायक प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी, पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड, जम्मू एवं श्री संतोष कुमार, सहायक निदेशक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, गृह मंत्रलय, जम्मू द्वारा हिंदी सप्ताह, 2019 का विधिवत उद्घाटन।

श्री सोमनाथ चंदेल, अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष, उत्तरी क्षेत्र,लखनऊ, द्वारा आमंत्रित अतिथीगण का स्वागत।

प्रतिभागी श्रुतलेखन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए।

हिंदी प्रशासनिक शब्दावली ज्ञान प्रतियोगिता।

उपमहानिदेशक, राज्य इकाईः जम्मू एवं कश्मीर, श्री दिनेश व्ही गणवीर, द्वारा प्रतिभागियों में पुरस्कार वितरण।



निर्णायक मंडल की ओर से श्री संतोष कुमार, सहायक निदेशक द्वारा प्रतिभागियों में पुरस्कार वितरण।

श्री विजय शिवगोत्रा, निदेशक द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव।